दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, सोमवार 30 अगस्त 2021 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-03, अंक- 330

## 5248 वर्ष बाद फिर संगीनों के साये में जन्मेंगे श्रीकृष्ण

» मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ होंगे जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल

» कन्हा के जन्मोत्सव की खुशी की खुमारी में डूबे ब्रजवासी

» चप्पे चप्पे पर खुफिया नजर, आपात स्थिति से निपटने की पूरी तैयारी

» पैरामिलिट्री फोर्स, पीएसी, यूपी पुलिस, महिला कांस्टेबल तैनात

**मथुरा (आरएनएस)।** 5248 साल बाद एक बार फिर श्रीकृष्ण मथुरा में संगीनों के साये में जन्मेंगे। अद्भुत संगोग है कि वही ग्रह नक्षत्र के संयोग हैं। भक्तों को कान्हा के आगमन का अद्भुत और सुखद अहसास हो रहा है। समूचा ब्रज कान्हा के जन्मोत्सव की खुमारी में डूब गया है। अपने आराध्य के आगमन खुशी में नरनारी उल्लालित हैं। श्रीकृष्ण जन्मभूमि की मनोहारी छटा ऐसी है कि बखनी नहीं जा सकती।



मथुरा के रामलीला मैदान में रविवार से तीन दिवसीय कृष्णोत्सव कार्यक्रम का आयोजन होगा और सोमवार को जन्माष्टमी के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इसमें शामिल होंगे। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ नागेंद्र प्रताप ने यह जानकारी दी। यह आयोजन परिषद, राज्य के पर्यटन विभाग और जिला प्रशासन द्वारा किया जा रहा है। परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्रा ने बताया, श्श्सोमवार को, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दोपहर साढ़े तीन बजे मथुरा आएंगे। वह कृष्णोत्सव का उद्घाटन करने के लिए रामलीला मैदान जाएंगे। मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री का मथुरा में करीब 90 मिनट ठहरने का कार्यक्रम है इस दौरान वह श्रीकृष्ण जन्मस्थान मंदिरों में दर्शन भी करेंगे।

ब्रज के मठ-मंदिर ही नहीं घर घर में अजन्मे के जन्म की तैयारी पूरी हो चुकी है। पालने से लेकर खिलोने तक खरीद लिए हैं। यह ब्रज ही है जहां श्रीकृष्ण से लाडले लाल जैसा लाड़ लड़ाया जाता है। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर सुरक्षा के पुख्ता और अचूक बंदोबस्त को देख कर श्रद्धालुओं को कंस काल की अभेद्य जैल जैसा आभास अनायास हो ही जाता है। वृंदावन में स्कॉन, ठाकुर बांकेबिहारी, प्रेम मंदिर, राधाकांतजू मंदिर, टेडेखम्भों वाला मंदिर हो या रंगजी मंदिर, बल्देव में दाऊजी मंदिर, गोकुल में नंदभावन, महावन में चौरासी खम्भा मंदिर हो या नंदगांव का नंदभवन गोवर्धन की दानघाटी हो मथुरा का द्वारिकाधीश मंदिर भक्तों की भीड़ से पटे पड़े हैं। सड़क के फूट पाथ से लेकर धर्मशाला और होटल सब एक दिन पहले ही फुल हो गये हैं। शहर में जगह जगह जूता चप्पल घर बनाये गये हैं जिससे लोगों को असुविधा नही हो।

दोपहर 3.15 बजे मथुरा पहुचेंगे मुख्यमंत्री

सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दोपहर 3.15 बजे मथुरा पहुंचे। वह श्रीकृष्णोत्सव का उद्घाटन करने के लिए रामलीला मैदान जाएंगे। मुख्यमंत्री सोमवार दोपहर 3.15 से 5.00 बजे तक मथुरा में रहेंगे। वह करीब एक घंटा मंच और एक घंटा श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर गुजारेंगे। संतों से भी मुलाकात का वक्त रखा गया है।

## देश में 45,083 नए केस, 460 मरीजों ने गंवाई जान, कल के मुकाबले घटा आंकड़ा

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** देश में कोरोना संक्रमण के मामलों में एक बार फिर उछाल जारी है. आज रविवार को भारत में कोरोना वायरस के 45,083 मामले सामने आए हैं. हालांकि यह संख्या शनिवार को आए मामलों से कम है. दरअसल शनिवार को देश में कोरोना के 46,759 नए मामले दर्ज किए गए थे. केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, पिछले 24 घंटे में देश में कोविड-19 के एक दिन में 45,083 नए मामले आए, वहीं 460 मरीजों ने जान गंवा दी.

रिपोर्ट की माने तो रविवार को 35,840 मरीज ठीक हुए जिसके साथ ही रिकवरी रेट 97.53 प्रतिशत पर पहुंच गया है. जबकि एक्टिव मामलों की संख्या 3,68,558 है. वहीं भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के मुताबिक शनिवार को देश में कोरोनावायरस के लिए 17,55,327 सैंपल टेस्ट किए गए. साथ ही कहा कि रविवार तक कुल 51,86,42,929 सैंपल टेस्ट किए जा चुके हैं.

इस बीच सबसे ज्यादा संक्रमितों के मामले वाले राज्य केरल में लगातार चौथे दिन 30 हजार से ज्यादा मामले दर्ज किए गए. राज्य में कोरोना के बढ़ रहे केसेज ने लोगों के बीच तीसरी लहर का डर बना दिया है. वहीं केरल का प्रसिद्ध त्योहार ओणम के बाद 5 दिन में राज्य के अंदर डेढ़ लाख केस आ चुके हैं. स्थिति खराब होते देख अब मुख्यमंत्री पी. विजयन ने अगले हफ्ते से राज्य में नाइट कर्फ्यू लागू कर दिया है.

**वैक्सीनेशन में तेजी-** वहीं वैक्सीनेशन की बात करें तो जहां देश में कोरोना के मामले लगातार बढ़ रहे हैं तो वहीं इस जानलेवा बीमारी को हराने के लिए टीकाकरण भी तेजी से हो रहा है. वैक्सीनेशन के मामले में देश ने नया रिकॉर्ड बनाया है. 27 अगस्त को एक दिन में एक करोड़ से अधिक कोरोना वैक्सीन की डोज लगाई गई थी.

## महत्वपूर्ण एवं खास

### खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने राष्ट्रीय खेल दिवस पर फिट इंडिया मोबाइल एप लांच किया

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** आजादी का अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में, फिट इंडिया मूवमेंट की दूसरी वर्षगांठ मनाने के क्रम में केन्द्रीय युवा कार्य एवं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने रविवार को मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम नई दिल्ली में फिट इंडिया मोबाइल ऐप का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में युवा कार्य एवं खेल राज्य मंत्री निसिथ प्रमाणिक भी शामिल हुए। इस अवसर पर खेल सचिव रवि मित्तल और युवा कार्य सचिव श्रीमती उषा शर्मा भी उपस्थित थीं। फिट इंडिया ऐप शुभारंभ कार्यक्रम से पहले अनुराग ठाकुर ने स्टेडियम में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यान चंद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। निसिथ प्रमाणिक ने भी सम्मान जताया। मंत्रियों ने भारतीय हॉकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह, पहलवान संग्राम सिंह, पत्रकार अयाज मेमन, पायलट कैप्टन एनी दिव्या, एक स्कूली छात्र और एक गृहिणी के साथ वर्चुअल रूप में बातचीत की। गृहिणी ने लॉन्च के बाद फिट इंडिया ऐप का उपयोग करके भी दिखाया। फिट इंडिया ऐप एंड्रॉइड और आईओएस दोनों प्लेटफॉर्म पर अंग्रेजी और हिंदी में उपलब्ध है और यह निःशुल्क है। इस बात को ध्यान में रखते हुए ऐप विकसित किया गया है कि यह साधारण स्मार्टफोन पर भी काम करे। फिट इंडिया मूवमेंट की दूसरी वर्षगांठ के साथ-साथ राष्ट्रीय खेल दिवस पर सभी को बधाई देते हुए, मंत्री ने कहा, फिट इंडिया मोबाइल ऐप प्रत्येक भारतीय को एक मोबाइल के सहारे फिटनेस स्तर की जांच करने करने की सुविधा देता है। इस ऐप में फिटनेस स्कोर, एनिमेटेड वीडियो, गतिविधि ट्रैकर्स और व्यक्तिगत विशिष्ट जरूरतों को पूरा करने वाली 'मेरी योजना' जैसी कुछ अनूठी विशेषताएं हैं।

### मेक्सिको के प्यूर्टो वालार्टा पहुंचा तूफान नोरा, उत्तर की ओर बढ़ा

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के प्रशांत तट से शनिवार को उठा नोरा तूफान प्यूर्टो वालार्टा इलाके से गुजरा और इसके उत्तर की ओर बढ़ने की संभावना है। नोरा के कारण शनिवार देर रात 75 मील प्रति घंटे (120 किलोमीटर प्रति घंटे) की गति से हवा चली। यह तूफान प्यूर्टो वालार्टा के उत्तर-उत्तर-पश्चिम में लगभग 50 मील (85 किलोमीटर) की दूरी पर केंद्रित था, और 16 मील प्रति घंटे (26 किलोमीटर प्रति घंटे) की रफ्तार से उत्तर की ओर बढ़ रहा है। मौसम संबंधी पूर्वानुमान लगाने वाले विशेषज्ञों ने चेतावनी दी कि मेक्सिको के मध्य और उत्तरी प्रशांत तट के लोगों को बाढ़ और भूस्खलन के खतरों के प्रति सतर्क रहना चाहिए। मेक्सिको के जलिस्को राज्य के प्राधिकारियों ने बताया कि उन्हें कोई गंभीर नुकसान होने की सूचना नहीं मिली है। प्यूर्टो वालार्ट से पहुंचते समय यह तूफान जलिस्को से भी गुजरा था। अमेरिकी राष्ट्रीय तूफान केंद्र ने बताया कि नोरा तट के पास आगे बढ़ेगा और रविवार रात को कमजोर होकर ऊष्णकटिबंधीय तूफान में बदल जाएगा। इसके बाद यह कैलिफोर्निया की संकरी खाड़ी की ओर बढ़ेगा और माजतलान के मुख्य भूमि रिसॉर्ट क्षेत्र के करीब से गुजरेगा। इसके उत्तर की ओर बढ़ते रहने तथा फिर और कमजोर होकर एरिजोना सीमा क्षेत्र से गुजरने की संभावना है। केंद्र ने बताया कि मेक्सिको के पश्चिमी तट के पास कुछ क्षेत्रों में आठ से 12 इंच (20 से 30 सेंटीमीटर) तक वर्षा होने की संभावना है और कुछ स्थानों में और भी अधिक बारिश हो सकती है।

### आखिरी चरण में तेजी से चल रहा यूएस का रेस्क्यू

**वाशिंगटन।** अफगानिस्तान में अमेरिका के सबसे लंबे सैन्य मिशन की समाप्ति की उलटी गिनती शुरू हो गई है. वहीं 31 अगस्त से पहले लोगों को निकाले जाने के अभियान को तेज कर दिया गया है. इस बीच व्हाइट हाउस ने कहा अमेरिका ने पिछले 24 घंटों में काबुल हवाई अड्डे से लगभग 2,000 लोगों को बाहर निकाला है. 14 अगस्त के बाद से, अमेरिका ने लगभग 113,500 लोगों को अफगानिस्तान से निकालने में मदद की है. जबकि जुलाई के अंत से, इसने लगभग 119,000 लोगों को अफगानिस्ताव से बाहर निकाला है. व्हाइट हाउस ने शनिवार को कहा, 28 अगस्त को 11 अमेरिकी सैन्य फ्लाइट (11 सी-17एस) और 7 गठबंधन फ्लाइट की मदद से 3:00 एएम ईडीटी से 3:00 पीएम ईडीटी तक काबुल से कुल 2,000 लोगों को बाहर निकाला गया.

## सुप्रीम कोर्ट में एक सितंबर से होगी फिजिकल हियरिंग की शुरुआत

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने वर्चुअल सुनवाई के विकल्प के साथ मामलों की फिजिकल हियरिंग एक सितंबर से शुरू करने के लिए एसओपी अधिसूचित किया है. कोर्ट के वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार फिजिकल हियरिंग को धीरे-धीरे फिर से शुरू करने के लिए अंतिम सुनवाई या नॉन मिसलेनियस दिनों में सूचीबद्ध नियमित मामलों को फिजिकली सुना जा सकता है.

अधिकारी ने कहा कि मामले में पक्षों की संख्या के साथ-साथ कोर्ट रूम की सीमित क्षमता को देखते हुए संबंधित बेंच निर्णय ले सकती है. किसी भी अन्य मामले को ऐसे दिनों में फिजिकल मोड में सुना जा सकता है, अगर पीठ इसी तरह निर्देश देती है. बाकि दिनों में लिस्टेड सभी मामलों को वीडियो / टेलीकांफ्रेंसिंग मोड के माध्यम से सुना जाना जारी रहेगा. हाइब्रिड विकल्प के साथ शारीरिक सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट के महासचिव ने एसओपी जारी किया है.

एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड (एओआर) को शीर्ष अदालत के पोर्टल पर खुद को पंजीकृत करने और 24 घंटे / 1.00 बजे के भीतर भौतिक मोड या वीडियो / टेलीकांफ्रेंसिंग मोड के माध्यम से संबंधित अदालत के समक्ष पेश होने के लिए अपनी प्राथमिकताएं जमा करने की आवश्यकता होती है। अंतिम सुनवाई/नियमित मामलों की साप्ताहिक सूची के हर पक्ष की तरफ से एक जूनियर वकील को प्रवेश की अनुमति दी जाएगी.

## 13 साल की छात्रा के साथ 7 दोस्तों ने किया सामूहिक दुष्कर्म, 4 गिरफ्तार

» मैसूर के बाद झारखंड में दरिंदगी

**रांची (आरएनएस)।** झारखंड की राजधानी रांची के मांडर में एक नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना सामने आई है. पीड़िता अपने दोस्त के झांसे में आकर घूमने गई थी, जहां उसके साथ, उसके दोस्त और अन्य छह लड़कों ने दुष्कर्म किया. पुलिस में इसकी शिकायत दर्ज कराई गई है. पुलिस ने चार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, जबकि तीन की तलाश जारी है.पुलिस का कहना है कि छात्रा का मेडिकल टेस्ट कराया गया है और पूरे मामले की जांच की जा रही है

दरअसल, गुरुवार की देर रात एक 13 साल की छात्रा के साथ 7 नाबालिग लड़कों ने दुष्कर्म किया था. इस मामले को लेकर लड़की ने शुक्रवार को मांडर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई थी, जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने सात में से 4 आरोपी को गिरफ्तार किया है. जबकि 3 आरोपी अभी भी फरार हैं.

लड़की ने थाने में बताया कि उसके एक परिचित दोस्त ने उसे फोन कर एक स्थान पर बुलाया और वहां से उसे वह घूमाने की बात बोल कर अपनी बाइक में बैठा कर एक सुनसान जगह पर ले गया. उस स्थान पर वहां पहले से उसके अन्य छह दोस्त मौजूद था. सातों ने बारी-बारी से उसके साथ दुष्कर्म किया. घटना को अंजाम देने के बाद आरोपियों ने उसकी एक सहेली के घर के पास उसे छोड़ दिया. जहां पीड़िता ने रात गुजारी.सुबह अपने घर पहुंचने के बाद उसने घटना की जानकारी अपने परिवार वालों को दी. जिसके बाद परिजन उसे लेकर थाने पहुंचे और प्राथमिकी दर्ज कराई. मांडर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 7 में से 4 आरोपियों को अपनी हिरासत में ले लिया है.

शनिवार को लड़की की मेडिकल जांच भी पुलिस द्वारा करवा ली गई है. थाना प्रभारी राणा जंग बहादुर सिंह ने बताया कि अन्य 3 आरोपियों की तलाश में छापेमारी की जा रही है, शीघ्र ही वह भी पुलिस की गिरफ्त में होंगे. बता दें कि इससे पहले मैसूर से भी ऐसी ही घटना सामने आई थी. यहां मेडिकल की पढ़ाई करने वाली छात्रा के साथ पांच लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया था.

## छह महीने में 7 नए अस्पताल बनाएगी दिल्ली सरकार

» 6800 नए आईसीयू बेड की होगी व्यवस्था

» कैबिनेट ने दी मंजूरी

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली सरकार 6 महीने में 7 नए अस्पताल बनाने जा रही है. इन अस्पतालों में 6836 आईसीयू बेड की व्यवस्था की जाएगी. सीएम अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में कैबिनेट ने प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है. नए अस्पताल सरिता विहार, शालीमार बाग, सुल्तानपुरी, किराड़ी, रघुबीर नगर, जीटीबी अस्पताल और चाचा नेहरू बाल चिकित्सालय में बनाए जाएंगे.

सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली के सरकारी अस्पतालों में लगभग अभी 10 हजार आईसीयू बेड हैं.



नए अस्पातलों में 6800 बेड बनाए जाने के बाद आईसीयू बेड की क्षमता में लगभग 70 फीसदी की बढ़ोतरी होगी. अगर कोरोना की तीसरी लहर आती है, तो इससे उस समय लोगों के इलाज में मदद मिलेगी. अगर कोरोना की लहर नहीं आती है तो दिल्ली के लोगों के लिए स्थाई तौर पर 7000 नए बेड तैयार हो जाएंगे. वहीं स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने कहा कि केजरीवाल सरकार की तरफ से 7 नए अस्पतालों में 1216.72 करोड़ की लागत से 6836 नए बेड बनाए जाएंगे.

सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि 6 महीने के अंदर आईसीयू बेड़ बनकर तैयार हो जाएंगे. अगर कोरोना की लहर आती है तो उस समय लोगों को इससे इलाज में मदद मिलेगी और कोरोना की लहर नहीं आती है तो दिल्ली के लोगों के लिए स्थाई तौर पर करीब 7000 नए बेड तैयार हो जाएंगे.

स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने कहा कि अस्पतालों के जल्द निर्माण करने के लिए बहुमंजिला अस्पतालों के भवनों को खोखले 'माइल्ड स्टील' चौकोर या आयताकार ट्यूब स्टील संरचनाओं के रूप में बनाया जाएगा. इन संरचनाओं में कंक्रीट सीमेंट राफ्ट या पृथक नींव होगी, जो इमारत का मजबूती प्रदान करेगी. अस्पतालों का निर्माण पीडब्ल्यूडी द्वारा किया जाएगा.

सरकार की तरफ से शालीमार बाग में 7.95 एकड़ में अस्पताल बनाया जाएगा. यहां 1430 आईसीयू बेड़ का अस्पताल बनाया जाएगा. फिलहाल यहां तीन फ्लोर बनाए जाएंगे और जरुरत पड़ने पर ऊपर दो फ्लोर बनाए जा सकेंगे. वहीं किराड़ी में 2.71 एकड़ में 458 आईसीयू बेड़ का अस्पताल बनाया जाएगा. जीटीबी अस्पताल कैंपस में 6.02 एकड़ में 1912 आईसीयू बेड का अस्पताल तैयार होगा.

वहीं रघुवीर नगर में 9 एकड़ में 1565 आईसीयू बेड़ का अस्पताल बनेगा. ऐसे ही सीएनबीसी में 2.32 एकड़ में 610 आईसीयू बेड का अस्पताल बनाया जाएगा. सुल्तानपुरी में 10 हजार वर्ग मीटर में 525 आईसीयू बेड का अस्पताल बनेगा.

## नितिन गडकरी के काफिले की गाड़ी ट्रक से टकराई, केंद्रीय मंत्री पूरी तरह सुरक्षित

**मुंबई (आरएनएस)।** केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के काफिले की गाड़ी ट्रक से टकरा गई. सौभाग्य से इस घटना के बाद नितिन गडकरी सहित उनके काफिले में शामिल सभी लोग सुरक्षित हैं. दुर्घटना का जायजा लेने के बाद गडकरी अपने निवास स्थान के लिए रवाना हो गए. यह घटना शनिवार की रात नागपुर के छत्रपति चौक के पास हुई.

प्राप्त जानकारियों के मुताबिक सोनेगांव तालाब के सौंदर्यीकरण के भूमिपूजन के कार्यक्रम में नितिन गडकरी शरीक होने सोनेगांव गए थे. कार्यक्रम खत्म होने के बाद रात के वक्त गडकरी की सात कारों का काफिला उनके निवास स्थान की ओर बढ़ा. छत्रपति चौक के सिग्नल पर रेड लाइट होते ही ट्रक ड्राइवर ने अचानक ब्रेक लगाई. काफिले के पहले नंबर की गाड़ी (एमएच-01 सीपी 2435) ट्रक से जा टकराई. इससे गाड़ी का अगला हिस्सा चकनाचूर हो गया. लेकिन सौभाग्य से इस दुर्घटना में कार में बैठे सभी लोग सुरक्षित बच गए.

जब कार ट्रक से टकराई तो जोरदार धमाका हुआ. बाहर से लोग कार की ओर दौड़े और पिछली कारों से गडकरी के सुरक्षा रक्षक उतर कर दौड़े. लेकिन शुक्र है कि दुर्घटनाग्रस्त कार में सभी लोग सुरक्षित पाए गए.

## राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने किया रामायण कॉनक्लेव का उद्घाटन

» कहा- अयोध्या तो वही है, जहां राम हैं

**अयोध्या (आरएनएस)।** अयोध्या में रविवार को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने रामायण कॉनक्लेव का उद्घाटन किया. इसी के साथ राष्ट्रपति ने पर्यटन एवं संस्कृति विभाग की कई योजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास भी किया. कार्यक्रम को दौरान अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा रामकथा के महत्व के विषय में गोस्वामी तुलसीदास जी ने कहा है, रामकथा सुंदर करतारी,संसय बिहग उड़ावनि-हारी. यानी राम की कथा हाथ की वह मधुर ताली है, जो संदेहरूपी पक्षियों को उड़ा देती है.

राष्ट्रपति कोविंद ने आगे कहा गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर ने कहा था कि रामायण और महाभारत, इन दोनों ग्रन्थों में, भारत की आत्मा के दर्शन होते हैं. यह कहा जा सकता है कि भारतीय जीवन मूल्यों के आदर्श, उनकी कहानियां और उपदेश, रामायण में समाहित हैं. उन्होंने कहा कि रामायण ऐसा विलक्षण ग्रंथ है जो रामकथा के माध्यम से विश्व समुदाय के समक्ष मानव जीवन के उच्च आदर्शों और मर्यादाओं को प्रस्तुत करता है. मुझे विश्वास है कि रामायण के प्रचार-प्रसार हेतु उत्तर प्रदेश सरकार का यह प्रयास भारतीय संस्कृति और पूरी मानवता के हित में महत्वपूर्ण सिद्ध होगा.

उन्होंने कहा कि राम के बिना अयोध्या, अयोध्या है ही नहीं. अयोध्या तो वही है, जहां राम हैं. इस नगरी में प्रभु राम सदा के लिए विराजमान हैं. इसलिए यह स्थान सही अर्थों में अयोध्या है. राष्ट्रपति ने बताया अयोध्या का शाब्दिक अर्थ है, जिसके साथ युद्ध करना असंभव हो. रघु, दिलीप, अज, दशरथ और राम जैसे रघुवंशी राजाओं के पराक्रम व शक्ति के कारण उनकी राजधानी को अपराजेय माना जाता था. इसलिए इस नगरी का अयोध्या नाम सर्वदा सार्थक रहेगा.



राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने कहा रामायण में दर्शन के साथ-साथ आदर्श आचार संहिता भी उपलब्ध है जो जीवन के प्रत्येक पक्ष में हमारा मार्गदर्शन करती है. उन्होंने आगे कहा कि संतान का माता-पिता के साथ, भाई का भाई के साथ, पति का पत्नी के साथ, गुरु का शिष्य के साथ, मित्र का मित्र के साथ, शासक का जनता के साथ और मानव का प्रकृति व पशु-पक्षियों के साथ कैसा आचरण होना चाहिए, इन सभी आयामों पर, रामायण में उपलब्ध आचार संहिता, हमें सही मार्ग पर ले जाती है.

राष्ट्रपति ने रामायण की चौपाइयों का मतलब भी बताया, उन्होंने कहा 'नहिं दरिद्र कोउ, दुखी न दीना. नहिं कोउ अबुध, न लच्छन हीन' यानी रामचरितमानस में एक आदर्श व्यक्ति और एक आदर्श समाज दोनों का वर्णन मिलता है. रामराज्य में आर्थिक समृद्धि के साथ-साथ आचरण की श्रेष्ठता का बहुत ही सहज और हृदयग्राही विवरण मिलता है.

'दंड जतिन्ह कर भेद जहं, नर्तक नृत्य समाज. जीतहु मनहि सुनिअ अस, रामचन्द्र के राज.' यानी ऐसे अभाव-मुक्त आदर्श समाज में अपराध की मानसिकता तक विलुप्त हो चुकी थी. दंड विधान की आवश्यकता ही नहीं थी. किसी भी प्रकार का भेद-भाव था ही नहीं.

राष्ट्रपति ने कहा रामकथा की लोकप्रियता भारत में ही नहीं बल्कि विश्वव्यापी है. उत्तर भारत में गोस्वामी तुलसीदास की रामचरित-मानस, भारत के पूर्वी हिस्से में कृत्तिवास रामायण, दक्षिण में कंबन रामायण जैसे रामकथा के अनेक पठनीय रूप प्रचलित हैं. उन्होंने कहा विश्व के अनेक देशों में रामकथा की प्रस्तुति की जाती है.